**इंडिया फाउंडेशन फॉर दी आर्ट्स (IFA)** द्वारा
**कला अनुसंधान कार्यक्रम (आर्ट्स रिसर्च प्रोग्राम)**
के लिए प्रस्ताव हेतु आमंत्रण
**आवेदन की अंतिम तिथि: 10 सितम्बर, 2025**

2025 में शुरू किये गये IFA कला अनुसंधान कार्यक्रम (आर्ट्स रिसर्च प्रोग्राम) के अन्तर्गत कला के क्षेत्र में की जा रही रिसर्च के अलग-अलग और लचीले दृष्टिकोणों के महत्व की पहचान की जाती है. इस कार्यक्रम के तहत हम ऐसे प्रोजेक्ट्स को कार्यान्वित करते हैं जिनका उद्देश्य होता है रचनात्मक, अध्ययनशील और/या सांस्कृतिक कार्यों अथवा वृत्तियों में निहित ज्ञान और विचारों के स्वरूपों की पड़ताल करना. इसके अलावा इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह भी है कि भारत में कलात्मक वृत्तियों के इतिहास और अभिव्यक्तियों से जुड़े विविध दृष्टिकोणों को सामने लाया जाए जिससे पूछताछ, आपसी विमर्श, चिंतन और प्रयोगों के माध्यम से कलाओं की गहरी समझ बन सके.

इन प्रोजेक्ट्स में कला अनुसंधान (आर्ट्स रिसर्च) को निम्नलिखित तरीकों से समझा जा सकता है:

➔ कार्य अथवा वृत्ति का एक ऐसा रूप जिसमें कला के क्षेत्र में रिसर्च करने, उसे परिभाषित करने और उसका प्रसार करने के नए तरीके विकसित किए जा सकें. हम ऐसे अध्ययनों को प्रोत्साहित करते हैं जिनके भीतर प्रयोग को बढ़ावा दिया जा सके, रिसर्च को दस्तावेज़ीकरण से आगे के स्तर पर ले जाया जाता है, इस स्थापना को चुनौती दी जाती है कि कला पर कौन रिसर्च कर सकता है, या रिसर्च करने के लिए कौन सी चीज़ ज़रूरी बन जाती है और कैसे.

➔ देह, तकनीकी, व्यक्तिगत आख्यानों, स्मृतियों, अनुभवों, संबंधों और कल्पना के माध्यम से जानने और सोचने के अनूठे तरीकों की मदद से काम करने के सलीके को नए ढंग से ईजाद करना और नई वैचारिक जमीन तैयार करना.

➔ किसी भी व्यक्ति के रचनात्मक/कलात्मक/सांस्कृतिक कार्य की सीधी पड़ताल करना. हम रिसर्च की ऐसी पद्धतियों को खोजना चाहते हैं जिनमें आत्म-चिंतन की गुंजाइश हो, और जिनके भीतर लोग अपने या दूसरों के कार्य के साथ आलोचनात्मकता, जिज्ञासा और दूरदृष्टि के साथ जुड़ सकें.

➔ अलग-अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करने वाले वर्तमान में मौजूद आख्यानों और प्रस्तुतियों के उन स्वरूपों पर सवाल उठाना, जो भारत में कलात्मक वृत्तियों के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और अभिव्यक्ति की पुनः जांच करते हैं. इस रिसर्च को पारस्परिक सहभागिता, कला और संबद्ध क्षेत्रों के इतिहास की पुनर्समीक्षा और इस खोजबीन के संदर्भ में देखा जा सकता है कि भविष्य की कलात्मक प्रक्रियाएं किस रूप में दिखाई दे सकती हैं.

➔ हाशिए पर पड़ी ध्वनियों को अभिव्यक्त करने का एक साधन जिसकी मदद से नई भाषाओं, शब्दावलियों और स्वतंत्र संसाधनों का निर्माण किया जा सकता है. इसमें यह पुनर्मूल्यांकन भी शामिल किया जा सकता है कि कौन सी चीज़ 'हाशिए पर' है और कौन सी 'मुख्य' पटल पर.

- ➔ संवाद का कार्य. हम चाहते हैं कि ऐसे प्रोजेक्ट्स शुरू किये जाएं जो विषयों और कला रूपों के बीच (उदाहरण के लिए, कला और विज्ञान, कला और दर्शन, कला और डिजिटल मीडिया, सिद्धांत और वृत्ति) सार्थक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हों. हम ऐसे लोगों के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं जो कलात्मक और रिसर्च-प्रक्रियाओं, सिद्धांत, संस्कृति, निकायों और प्रौद्योगिकियों के बीच सहयोग और सहयोग के नए रूपों की तलाश करना चाहते हैं.

- ➔ ऐसा अनुवाद कार्य जो रिसर्च को प्रोत्साहित करता है. हम ऐसे व्यक्तियों को अपने प्रस्ताव भेजने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो अनुवाद कार्य से सम्बंधित विमर्श की पड़ताल करना चाहते हैं, बहुभाषी दृष्टिकोणों के साथ प्रयोग करना चाहते हैं, और/या अनुवाद के सांस्कृतिक मूल्य का अध्ययन करना चाहते हैं.

**इन केन्द्रीय विषय-क्षेत्रों के बाहर, कला में रिसर्च के सिद्धांत का विस्तार करने वाले आवेदनों का भी स्वागत है.**

## आवेदन करने के लिए पात्रता:

विद्वान, कार्यरत शोधार्थी, कलाकार-एक्टिविस्ट, क्यूरेटर, अनुवादक, कलाकार शिक्षक, लेखक, दार्शनिक, गेमर्स, या कोई भी व्यक्ति जो स्वयं को रिसर्च कार्य से सम्बद्ध करने में रुचि रखता हो.

यदि आप भारतीय नागरिक हैं तो आवेदन हेतु अर्ह हैं . आपके सहयोगियों का भी भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है. (अर्हता के मानकों के बारे में अधिक जानने हेतु आगे दिए गए लिंक को दबाएं.)

## प्रोजेक्ट की अवधि:

न्यूनतम एक साल व अधिकतम 18 महीने

## बजट:

आप रु. 5,00,000/- तक का बजट बना सकते हैं. आप मानदेय के लिए निवेदन कर सकते हैं जो कि प्रस्तावित बजट से 35% अधिक नहीं होना चाहिए. (कृपया सांस्थानिक खर्चों, निर्माण के खर्च या ढांचागत खर्च को बजट में शामिल न करें. बजट आपको उपकरण खरीदने की अनुमति नहीं देता, लेकिन यदि प्रोजेक्ट के लिए आपको उपकरण खरीदना आवश्यक ही हो तो प्रोजेक्ट की समाप्ति पर वह उपकरण IFA को लौटाना होगा.)

## आवेदन जमा करने हेतु दिशा-निर्देश:

- हम आपको प्रोत्साहित कर रहे हैं कि प्रस्तावों के लिए अनुरोध (Request for Proposals) से सम्बंधित किसी भी प्रश्न पर चर्चा करने और अपना अंतिम प्रस्ताव भेजने से पहले प्रोजेक्ट से सम्बंधित विचारों को विकसित करने के उद्देश्य से आप सोमवार, 11 अगस्त 2025 से पहले-पहले हर्षिता बथवाल, कार्यक्रम अधिकारी, आर्ट्स रिसर्च, को harshita@indiaifa.org पर संपर्क करें. अपने सन्देश में यह सब्जेक्ट-लाइन लिखें - **Project Proposal for Arts Research**.

- आप अपना प्रस्ताव अंग्रेजी सहित किसी भी भारतीय भाषा में भेज सकते हैं.

- प्रस्तावित प्रोजेक्ट में रिसर्च-सम्बन्धित प्रश्नों, प्रस्तावित उद्देश्यों, व्यक्तिगत प्रेरणा और इसमें शामिल हितधारकों के संदर्भ में स्पष्ट के साथ लिखा होना चाहिए.

- हम आवेदकों को ऐसे प्रोजेक्ट विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिनके परिणामों या कार्य-प्रणालियों को सार्वजनिक परिक्षेत्र में साझा किया जा सके. यह शाब्दिक, विज़ुअल, परफ़ॉर्मेटिव, क्यूरेटोरियल, शैक्षणिक, स्थानिक, भौतिक, डॉक्यूमेंट्री, सोनिक, डिजिटल या सांस्कृतिक मध्यस्थता के किसी भी अन्य रूप में हो सकता है. प्रोजेक्ट्स का उद्देश्य व्यापक और अलग-अलग तरह के लोगों के लिए सुलभ और अर्थवान होना चाहिए, जिसमें एक से अधिक प्रकार के आम-जन सम्मिलित हों.

- आपका अंतिम प्रस्ताव **10 सितम्बर, 2025 को रात्रि 11:59 बजे (IST)** या उससे पहले एक ईमेल के माध्यम से, जिसका आकार 25 MB से अधिक न हो, harshita@indiaifa.org के पास ऑनलाइन जमा कर दिया जाना चाहिए जिसमें आपका बायोडाटा तथा बजट का विस्तृत विवरण, जो स्पष्ट करता हो कि धनराशि का उपयोग कैसे किया जायेगा, संलग्न होना चाहिए.

## चयन की प्रक्रिया:

चयनित प्रस्तावों का मूल्यांकन एक बाहरी पैनल द्वारा किया जाएगा और आवेदकों को पैनल के सामने अपने प्रोजेक्ट के विचारों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता हो सकती है. क्रियान्वयन के लिए चयनित प्रोजेक्ट **नवम्बर 2025** में घोषित किए जाएंगे. प्रोजेक्ट के चयनो पर IFA का निर्णय अंतिम होगा.

कृपया ध्यान दें कि अधूरे प्रस्तावों और उन प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा जिनके आवेदक पात्रता के मानदंडों पर खरे नहीं उतरते हैं.

सभी चुने गए प्रोजेक्ट्स को IFA द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा.

## प्रमुख तिथियाँ:

- प्रोजेक्ट से सम्बन्धित विचारों/प्रश्नों पर विचार-विमर्श की अंतिम तिथि: 11 अगस्त 2025
- प्रस्ताव के लिए अंतिम तिथि: 10 सितम्बर 2025
- चुने गए प्रोजेक्ट्स की घोषणा: नवम्बर-दिसंबर 2025
- प्रोजेक्ट की शुरुआत: जनवरी 2026 (इसमें परिवर्तन किया जा सकता है)

**IFA विशेष रूप से अंग्रेजी सहित भारतीय भाषाओं में प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित करता है, ताकि विभिन्न भाषाई संदर्भों के विमर्श में योगदान किया जा सके.**

**कृपया ध्यान दें, IFA एक सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जो कि बच्चों सहित सभी का सहयोग, सम्मान एवं सुरक्षा करता हो. आवेदक के लिए इसके साथ सामंजस्य बनाए रखना और सदैव इसका पालन करना अनिवार्य है.**

**यह कला अनुसंधान कार्यक्रम (आर्ट्स रिसर्च प्रोग्राम), BNP Paribas India के सहयोग से संभव हो सका है.**